प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 21.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 21.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।








## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र/कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के निष्कर्षण पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त धर्मदास प्रजापति पुत्र अर्जुन प्रजापति उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्द कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुए ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 384/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

धर्मदास प्रजापति पुत्र अर्जुन प्रजापति उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम
2. कां0 शैलेन्द्र सिंह



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.12.2024


# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 फूलचन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.देवेन्द्र अहिरवार पुत्र स्व0 रामदास उम्र 23 वर्ष 2. राजेन्द्र उर्फ राजू श्रीवास पुत्र मातादीन उम्र करीब 40 वर्ष, 3. गोविन्ददास अहिरवार पुत्र ग्यासी लाल उम्र करीब 26 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम रूरीखुर्द थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 400 रुपये व जामातलाशी 320 रूपये कुल 720 रूपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0- 228/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह
2. का0 विजयनिरंकारी 3. कां0 अजय कोरी 4. कां0 नितिन कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. देवेन्द्र अहिरवार पुत्र स्व0 रामदास उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम रूरीखुर्द थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. राजेन्द्र उर्फ राजू श्रीवास पुत्र मातादीन उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम रूरीखुर्द थाना महोबकंठ जनपद महोबा
3. गोविन्ददास अहिरवार पुत्र ग्यासी लाल उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम रूरीखुर्द थाना महोबकंठ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा मय उ0नि0 सूर्यभान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.कल्लू श्रीवास पुत्र लच्छू उम्र करीब 50 वर्ष 2.राममिलन अहिरवार पुत्र नन्दू उम्र करीब 29 वर्ष निवासीगण मो0 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा 3.अनिल कुमार पुत्र छोटेलाल रैकवार उम्र करीब 46 वर्ष 4.सुभाष रैकवार पुत्र मेघनाथ उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण मो0 रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को वर्मा तालाब के पास बहद कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 270 रुपये, मालफड़ 450 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 382/24 धारा धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा 2.उ0नि0 सूर्यभान सिंह
3. हे0कां0 रामकरन सिंह 4. कां0 प्रमोद कुमार
5. कां0 धर्मेन्द्र कुमार



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से जनपद महोबा में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परिक्षा केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया, संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश -

जनपद महोबा में 22 दिसम्बर 2024 दिन रविवार को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 के दृष्टिगत आज दिनाँक 21.12.2024 को जिलाधिकारी महोबा श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रुप से भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जनपद महोबा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को मुहैया कराई जाने वाली विभिन्न भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इसी क्रम में परिक्षार्थियों को उनके गंतव्य स्थल सकुशल पहुंचाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन महोबा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाये गये हेल्प डेस्क का भ्रमण किया गया इस दौरान वहां मौजूद अभ्यर्थियों से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में वार्ता कर पुलिस प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गयी है।

इस दौरान मीडिया बन्धुओं से वार्ता के दौरान बताया गया कि जनपद महोबा में परीक्षा के लिए 10 केन्द्र बनाये गये हैं, सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बन्दोबस्त किये गये हैं, सभी सेन्टर्स के पास में पार्किंग/ट्रैफिक व्यवस्था के लिये स्थानों को चिन्हिन किया गया है साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आस पास जितनी भी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकाने हैं उनको बन्द रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर, थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण सिंह, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधि/कर्म.गण मौजूद रहे।

